हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

■ संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 अंक: 08 पृष्ठ: 8 शुक्रवार 05 मार्च से 11 मार्च 2021

### हे प्रभु !

किसी के साथ किसी भी प्रतियोगिता की कोई जरूरत नहीं है. तुम जैसे हो अच्छे हो. अपने आप को स्वीकार करो.

- अज्ञात

### अनमोल विचार

अनुशासन क्या है? अनुशासन का मतलब आपके भीतर एक व्यवस्था निर्मित करना है. तुम तो एक अव्यवस्था, एक केऑस हो.

- अज्ञात

### नजरिया

कोई विचार नहीं, कोई बात नहीं, कोई विकल्प नहीं झ शांत रहो, अपने आप से जुड़ो.

-संपादक

# हवाई जहाज से जाकर देशभर में चोरियां करने वाले गैंग का पदार्फाश

## महिला सरगना समेत चार गिरफ्तार


**नई दिल्ली :** गाजियाबाद पुलिस ने गहनों की दुकानों में चोरी करने वाले एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के सदस्य हवाई जहाज से देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर वारदात करते थे और चोरी का माल मेरठ और नेपाल में ले जाकर बेचा करते थे। इस गिरोह की सरगना एक महिला है। पुलिस ने फिलहाल गिरोह की सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं बाकी आरोपियों की पहचान होने के साथ ही दबिश तेज कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. ईरज राजा और पुलिस अधीक्षक नगर (द्वितीय) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस गिरोह की करतूतों का खुलासा किया। एसपी देहात ने बताया कि गिरोह की जानकारी नौ फरवरी को मोदीनगर में और 26 फरवरी को साहिबाबाद स्थित आभूषण कारोबारियों की दुकानों में हुई चोरी से हुई। पुलिस ने जब दोनों दुकानों के सीसीटीवी देखे तो पता चला कि एक ही गिरोह ने दोनों वारदातों को अंजाम दिया है। सीसीटीवी कैमरे में इनकी गाड़ी भी चिन्हित हो गई। इसके बाद पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक और मैन्युअल सर्विलॉन्स का इस्तेमाल करते हुए चारों आरोपियों को धर दबोचा। इनकी पहचान पसौंडा के रहने वाले इंतजार, सिधरावली बागपत के रहने वाले जाहिद, खतौली मुजफ्फरनगर के रहने वाले समीर और मुजफ्फर नगर की ही रहने वाली एक महिला के रूप में हुई है। यह महिला समीर की भाभी है और फिलहाल लिसाड़ी गेट मेरठ में रह रही थी। इस गिरोह में शामिल महिला के पति समेत एक दर्जन से अधिक सदस्य अभी फरार है। इनमें मेरठ के कुछ आभूषण कारोबारी भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक नगर (द्वितीय) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी करीब पांच साल पहले मुंबई में जेल जा चुके हैं।



## किसानों ने टीकरी बॉर्डर पर बोरवेल और फ्रिज लगाकर किया गर्मी से निपटने का इंतजाम, बांस की झोंपड़ियां भी बनाई

**नई दिल्ली।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसान आंदोलन को अब 100 दिन होने को हैं, लेकिन अब तक किसानों और सरकार के बीच बनती नजर नहीं आ रही है। भीषण सर्दी झेल चुके किसानों ने अब गर्मियों से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली-हरियाणा को जोड़ने वाले बॉर्डर पर डटे प्रदर्शनकारी किसानों ने धरनास्थल पर पंखे, बोरवेल और फ्रिज का इंतजाम करके गर्मियों के लिए अपनी तैयारी कर ली है। एक किसान ने बताया कि वॉटर पंप, एक बड़ा फ्रिज और पंखों के साथ ही यहां गर्मी से बचने के लिए बांस की झोपड़ियां बनाई गई हैं।



# संजय राउत बोले बंगाल में चुनाव नहीं लड़ेगी शिवसेना

## ममता को बताया शेरनी; दिया समर्थन

**मुंबई:** शिवसेना ने फैसला किया है कि वह पश्चिम बंगाल में चुनाव नही लड़ेगी। शिवसेना नेता संजय राउत ने एक ट्वीट में बताया कि पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ चर्चा के बाद ये अहम निर्णय लिया गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी (को बंगाल की शेरनी बताते हुए संजय राउत ने लिखा है शिवसेना एकजुटता से उनके साथ खड़ी है। शिवसेना नेता संजय राउत ने ट्वीट में लिखा है कि शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ इस मामले पर हुई अहम बैठक में ये महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। परिदृश्य को देखते हुए साफ हो चुका है कि पश्चिम बंगाल में दीदी बनाम सभी की लड़ाई है। सभी विरोधी पार्टियां एम मनी, मसल और मीडिया को एम ममता दीदी के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे देखते हुए शिवसेना ने निर्णय लिया है कि वह पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं लड़ेगी।शिवसेना नेता संजय राउत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तारीफ करते हुए लिखा कि हमें यकीन है कि सही मायनों में वह बंगाल की शेरनी हैं। शिवसेना इस लड़ाई में ममता दीदी के साथ है। हम उनकी बड़ी सफलता की आशा करते हैं।



गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने बीते शुक्रवार ( 27 फरवरी) को विधानसभा चुनावों की तिथियों का एलान किया। चुनाव आयोग के अनुसार 27 मार्च से मतदान शुरू होकर 29 अप्रैल तक चलेगा जबकि मतगणना 2 मई को की जाएगी। बता दें पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में चुनाव संपन्न होगा। आयोग के अनुसार वोटिंग 27 मार्च, 1 अप्रैल, 6अप्रैल, 10 अप्रैल, 17 अप्रैल, 22 अप्रैल, 26 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगी।

# बाबरी मस्जिद विध्वंस पर सीएम उद्धव ठाकरे की टिप्पणी पर अबू आजमी ने जतायी नाराजगी



**मुंबई:** बाबरी मस्जिद विध्वंस पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की टिप्पणी पर महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रमुख अबू आजमी ने कहा उद्धव जी भूल गए हैं कि शिवसेना के नेता नहीं हैं, वे राज्य के प्रमुख हैं। उन्हें ऐसा नहीं कहना चाहिए था। यह बहुत दुखद घटना है। अबू आजमी ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सरकार में मुस्लिम नेताओं को इस बात का विरोध करना चाहिए। कोर्ट ने फैसला दिया है कि बाबरी मस्जिद का विध्वंस एक आपराधिक कृत्य है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र बजट अधिवेशन के तीसरे दिन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसे। इस दौरान राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का अभिभाषण हो या हिंदुत्व से लेकर कोरोना तक, अमित शाह का सिंधुदुर्ग दौरा या औरंगाबाद का नामांतरण, सीएम ठाकरे सभी मामलों पर जमकर बोले। ठाकरे बोले भाजपा उन्हें हिंदुत्व का पाठ न पढ़ाये उनमें इतनी योग्यता नहीं है कि हम उनसे हिंदुत्व सीखें। ठाकरे ने कहा जब बाबरी मस्जिद विध्वंस हुआ था उस समय वे सब वहां से भग खड़े हुए थे।

तब शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ने कहा था, अगर इस घटना में शिवसैनिक शामिल हैं तो उन्हें इस पर गर्व है। हिंदुत्व की बात करने वाले बताये हिंदुत्व उस समय कहां चला गया था जब जम्मू-कश्मीर में पीडीपी के साथ मिल भाजपा ने सरकार बनाई थी? सपा नेता अबू आजमी का कहना है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा बाबरी मस्जिद को लेकर दिया गया बयान सही नहीं था। महा विकास अघाड़ी सरकार में मुस्लिम नेताओं को इस बात का विरोध करना चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए।

# मुंबई में प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत




मुंबई: मध्य रेलवे ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर गर्मी के मौसम में प्लेटफॉर्म पर अधिक भीड़ से बचने के लिए मुंबई मेट्रोपोलिटन क्षेत्र (एमएमआर) के कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत बढ़ा दी गयी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने बताया कि मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस तथा पास के ठाणे, कल्याण, पनवेल और भिवंडी में अब प्लेटफॉर्म टिकट 10 रुपये के बजाय 50 रुपये में मिलेगा। अधिकारी ने बताया कि नई दर 24 फरवरी से प्रभाव में आ गयी और यह इस साल 15 जून तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने कहा, ग्रीष्मगर्मियों में यात्रा के दौरान भीड़-भाड़ से बचने के लिए यह कदम उठाने का फैसला किया गया है। फरवरी के दूसरे सप्ताह से मुंबई में कोविड-19 के रोजाना के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। शहर में कोविड-19 के अब तक 3.25 लाख से अधिक मामले आये हैं और संक्रमण से 11,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

# नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न मामले में मदरसे के शिक्षक को 5 वर्ष की सजा



**मुंबई:** पांच साल पुराने दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न मामले में विशेष अदालत ने एक 29 साल के शिक्षक को पांच साल की सजा सुनाई है। यह मामला साल 2016 का है तब आरोपी शिक्षक ने 11 और 9 वर्ष के छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया था।

यह मामला तब प्रकाश में आया जब दोनों ही लड़कियों ने आरोपी शिक्षक की काली करतूतों की जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़ित लड़कियों ने अपनी मां को बताया कि आरोपी शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है और उन्हें किस भी किया है। इन लड़कियों ने शिक्षक के खौफ के चलते मदरसे में जाने से भी इंकार कर दिया था। 11 वर्षीय बच्ची यह भी बताया कि आरोपी शिक्षक ने उसे रात में भी मदरसे में आने के लिए कहा था।

आरोपी शिक्षक को साल 2016 में शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में इस मामले में उसे जमानत मिल गई थी क्योंकि पुलिस तय समय सीमा में चार्जशीट फाइल नहीं कर पाई थी। अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान दोनों ही पक्षियों की गवाही ली गई और इसी गवाही के आधार पर अदालत में आरोपी शिक्षक को 5 साल की सजा सुनाई है।

# महाराष्ट्र में फिर से कोरोना का कहर, एक दिन में मिले लगभग 10 हजार नए केस

**मुंबईः** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस एक बार फिर से कहर बरपा रहा है। कुछ समय पहले तक जहां काफी कम मामले सामने आ रहे थे, तो पिछले कुछ दिनों में अचानक तेजी से नए मामलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। महाराष्ट्र में बुधवार को तकरीबन दस हजार नए कोरोना केस सामने आए हैं। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में बुधवार को 9,855 मामले सामने आए हैं, जबकि मुंबई में 1121 कोरोना केस मिले।

राज्य में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 7,863 नए मामले सामने आए थे जिसके बाद राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 21,69,330 हो गई थी। महामारी से 54 और मरीजों की मौत हो गई थी। अधिकारी ने बताया था कि महाराष्ट्र में कोविड-19 के मरीजों के ठीक होने की दर 93.89 प्रतिशत है और मृत्यु दर 2.41 प्रतिशत है। राज्य में अभी 79,093 मरीज उपचाराधीन हैं। वहीं, मंगलवार को मुंबई में संक्रमण के 849 नए मामले सामने आए थे हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर लॉकडाउन की चेतावनी दी थी। ठाकरे ने कहा था कि वह लॉकडाउन तो नहीं लगाना चाहते हैं, लेकिन मजबूरी भी कोई चीज होती है। इससे पहले, फरवरी के मध्य में उद्धव ठाकरे ने कहा था कि यदि कोरोना के मामले नहीं थमते हैं तो वह लॉकडाउन लगाने का फैसला ले सकते हैं। इसके लिए उन्होंने राज्य की जनता से सावधानी बरतने की अपील की थी।

# महाराष्ट्र में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधिमंडल

## ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**मुंबईः** महाराष्ट्र में वीरवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की और उन्हें अपने समुदाय से संबंधित मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ट्रांसजेंडर समुदाय के काफी सदस्य मौजूद थे। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार व राज्यपाल के बीच तनाव की खबरों के बीच गत दिनों विधानमंडल के संयुक्त सदन को संबोधित करते हुए राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने केंद्र सरकार पर राज्य की बकाया जीएसटी की याद दिलाई थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि था यह राशि मिल जाए तो राज्य को आर्थिक संकट से राहत मिल सकती है।राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार के पास महाराष्ट्र के गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) का 46,950 करोड़ रुपये बकाया है, जबकि केंद्र सरकार ने फरवरी, 2021 के अंत तक राज्य को 6,140 करोड़ रुपये ही दिए हैं। 29,290 करोड़ रुपये अभी भी बकाया है। चूंकि कोविड-19 के कारण राज्य की अर्थव्यवस्था खराब हुई है। राज्य 3,47,456 रुपयों का अपना टैक्स वसूली का लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पाया है। टैक्स के जरिए सिर्फ 1,88,542 रुपये ही आ सके हैं। यह बजट के अनुमान से 35 फीसद कम है और पिछले साल इसी अवधि में वसूले गए टैक्स से 21 फीसद कम है। राजस्व में इस कमी के बावजूद राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं, राहत व पुनर्वास, खाद्य और आपूर्ति जैसी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होने दे रही है। आर्थिक तंगी के बावजूद राज्य सरकार ने महात्मा ज्योतिराव फुले शेतकरी कर्जमुक्ति योजना के तहत 30.85 लाख किसानों को 19,684 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में राज्य में हो रहे निवेश का भी जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण हुए लॉकडाउन में भी महाराष्ट्र एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित करने में कामयाब रहा है। राज्यपाल ने अपना पूरा अभिभाषण मराठी में पढ़ा, और कहा कि राज्य में मराठी भाषा को समृद्ध किया जाना चाहिए।

# मामूली विवाद में मारी गोली

**पुणे :** पुणे से सटे पौड पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मामूली विवाद में आरोपी ने एक को गोली मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही हर तरफ खलबली मच गयी है। मृतक का नाम अजय रागू साठे (40) है। इस मामले में पौड पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू है।मिली जानकारी के मुताबिक, साठे और आरोपी के बीच खेती के रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। दोनों मुळशी तालुके के माळीन गांव के रहने वाले है। इस क्षेत्र में उनका खेत है। इससे पहले भी एक बार विवाद हुआ था। दरअसल आरोपी के पास एक बंदूक भी है। इस बीच दोनों के बीच आज फिर विवाद हुआ था। आरोपी ने साठे को उस रास्ते में जाने से मानकर वह सीधे घर गया और बंदूक लेकर आ गया और सीधे साठे पर गोली चला दी। इस हमले की उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पौड पुलिस व स्थानिक गुन्हे शाखा की टीम पहुंची है। इस मामले में एक को हिरासत में लेने की बात पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनव देशमुख ने बताई है।

# चाकू की नोक पर व्यक्ति से लूटपाट



**नालासोपारा** शहर के पूर्व संखेश्वर इलाके में एक 38 वर्षीय व्यक्ति को चाकू की नोक पर लूटपाट करने की घटना घटी। तुलिंज पुलिस ने इस मामले 3 अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार,हजमत अली बकरीदी पठान (38),संखेश्वर,नालासोपारा पूर्व क्षेत्र में रहता है।

बताया गया है कि,1 मार्च को पठान घर से स्टेशन नालासोपारा की ओर पैदल जा रहा था। जैसे ही प्रातः 4;30 बजे के आसपास संखेश्वर नगर,मनसे कार्यालय के पास पहुंचा,तभी 20 से 25 वर्षीय 3 अज्ञात शख्स मास्क लगाए हुए आ थमके,जबतक पठान कुछ समझ पाता,तबतक उक्त अज्ञात शख्स ने चाकू दिखाया और मारापीटा,इस दौरान अज्ञात शख्स ने पठान की जेब से नकदी व कीमती मोबाईल जबरन चोरी कर फरार हो गए। पठान ने संबंधित मामले की शिकायत तुलिंज पुलिस थाने में की। शिकायत में पठान ने बताया कि, अज्ञात शख्स बदमाशों ने चोरी की है।जिसमे मोबाईल की कीमत शामिल है।

फिलहाल,पुलिस ने तीन अज्ञात शख्स पर कलम 394,34 के तहत केस दर्ज कर आगे की तहकीकात मे जुटी है।


संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

## संपादकीय

# ज्यादा सताएगी गरमी

*भारतीय मौसम विभाग का इस वर्ष अधिक गरमी पड़ने का आकलन हैरान भले न करता हो, मगर चिंतित करने वाला जरूर है। पिछले साल भी भारी गरमी का रिकॉर्ड बना था, बल्कि 2020 को भारतीय रिकॉर्ड में आठवां सबसे गरम साल बताया गया था। विशेषज्ञ काफी पहले से हमें आगाह करते रहे हैं कि इस उपमहाद्वीप में बसंत का दौर छोटा होता जा रहा है और हम सीधे सर्दियों से गरमी में पहुंचने लगे हैं। जाहिर है, इन सबका असर पूरे जीवन-चक्र पर पड़ रहा है। सूचना है कि पिछले महीने तापमान बढ़ने के कारण पूर्वी ओडिशा से प्रवासी पक्षी वक्त से पहले ही लौट गए। जानकारों के मुताबिक, दीर्घकाल में फसलों की उत्पादकता भी इससे प्रभावित हो सकती है। भारतीय मौसम विभाग ने इस बार अधिक गरमी पड़ने के पीछे जो तर्क दिए हैं, उसके मुताबिक, उत्तर भारत के मौसम का मिजाज पश्चिमी विक्षोभ से तय होता है। आम तौर पर फरवरी महीने में छह बार ये विक्षोभ आते हैं, लेकिन इस बार ऐसी एक ही स्थिति बन सकी। मौसम में हो रहे इस बदलाव को महसूस करने के लिए अब हम ऐसी सूचनाओं पर बहुत निर्भर नहीं हैं, क्योंकि बेमौसम बारिश, वर्षा-पैटर्न में तब्दीली, सर्दियों में ग्लेशियरों का टूटना और प्रलय के दृश्य साल-दर-साल बढ़ते जा रहे हैं। हां! मौसम विभाग के आकलनों का महत्व भविष्य की तैयारियों के लिहाज से काफी है। प्रशासनिक तंत्र को बगैर वक्त गंवाए इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिए। यह बेहद स्वाभाविक है कि भीषण गरमी की स्थिति में न सिर्फ विद्युत आपूर्ति की मांग बढ़ेगी, बल्कि पानी की कमी के हालात से भी दो-चार होना पड़ सकता है। इसलिए एक सुविचारित योजना के लिए यही माकूल समय है। मौसम के ये बदलाव सिर्फ भारत तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रकृति किसी के साथ कोई मुरव्वत नहीं बरतती। इसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग की मुख्य भूमिका से भी पूरी दुनिया अवगत है, लेकिन वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन को थामने के लिए जिस दूरदर्शिता की दरकार है, उसे दिखाने में विश्व बिरादरी नाकाम रही है। खासकर विकसित देशों से जिस अक्लमंदी की अपेक्षा की जाती है, अपने आर्थिक हितों के कारण वे उससे कतरा जाते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने पेश किया, जब उसने पेरिस समझौते से अलग होने का अविवेकी फैसला किया था।*

# पार्टी बचाओ बनाम राहुल बचाओ

***"क्या पहले ऐसा कभी हुआ कि कांग्रेस कोई चुनाव हारी हो और नतीजे आने के कुछ ही घंटों में उसके नेताओं ने इस्तीफा दे दिया हो और वह मंजूर भी हो गया हो? गुजरात में ऐसा ही हुआ। इससे पहले कि राहुल गांधी से सवाल पूछा जाए, जवाबदेही तय हो गई और सजा भी दे दी गई। मुश्किल में है कारवां, बजट में दिखा संकल्प कि छू लेंगे आसमा इतिहास गवाह है पुत्र मोह ने बड़ी-बड़ी तबाहियां की हैं।***



राहुल गांधी कांग्रेस की ऐसी रात हैं, जिसकी सुबह होने की उम्मीद नहीं नजर आती। साधो घर में झगड़ा भारी! कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई अब सड़क पर आ गई है। 23 कांग्रेस नेताओं का समूह भले ही इन्कार कर रहा हो, लेकिन उनके निशाने पर नेहरू-गांधी परिवार है। गांधी परिवार में भी इनका असली निशाना राहुल गांधी हैं। राहुल का कवच बनकर खड़ीं सोनिया गांधी भी उनके निशाने की जद में आती जा रही हैं। ये पुराने चावल हैं इसलिए जानते हैं कि निजी हमला उलटा पड़ सकता है। इसलिए पहले संगठन की बात उठाई और अब नीतियों का मुद्दा उठा रहे हैं। इन नेताओं के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ है नहीं और यही इनकी ताकत है। ये नेता तमाम ऐसी बातें बोल रहे हैं जो सोनिया को नागवार गुजरें और राहुल की नाकामियों को उजागर करें। संगठन का मुद्दा था तो पहले उन्हें डराने और फिर मनाने की कोशिश हुई, लेकिन इसके पीछे इरादा केवल मुद्दे को टालना था। कुछ करने का इरादा न पहले था और न अब दिख रहा है। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता आनंद शर्मा ने बंगाल में फुरफुरा शरीफ के मौलवी अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट से कांग्रेस के समझौते पर सवाल उठाया। उन्होंने प्रदेश प्रभारी और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से कैसे समझौता कर सकती है? सिद्दीकी जैसे लोगों से गठबंधन करके पार्टी सांप्रदायिक शक्तियों से कैसे लड़ेगी? अधीर रंजन ने जवाब दिया कि वह जो कुछ कर रहे हैं, हाईकमान के आदेश पर ही कर रहे हैं। बंगाल में कांग्रेस एक ऐसे नेता से गठबंधन कर रही है जो धा   मक भावनाएं भड़काने के लिए जाना जाता है। कोरोना के दौरान सिद्दीकी ने दुआ मांगी थी कि दस से पचास करोड़ भारतीय मर जाएं। ऐसे लोगों से समझौता करके पार्टी संदेश क्या देना चाहती है? असम में तरुण गोगोई ने बदरुद्दीन अजमल की पार्टी से कभी समझौता नहीं किया और 15 साल राज किया। पांच साल विपक्ष में रहते ही कांग्रेस का धैर्य टूट गया और इस चुनाव में उनसे समझौता कर लिया। सांप्रदायिक लोगों और संगठनों को साथ लेकर सांप्रदायिकता से लड ` का पाखंड तो कांग्रेस ही कर सकती है। जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, वहां मुस्लिम वोट अहम हैं। इसलिए जनेऊधारी शिवभक्त किसी शिव मंदिर जाते हुए नहीं दिखे। हालांकि तमिलनाडु और केरल में तमाम बड़े शिव मंदिर हैं। यह ओढ़ी हुई धा   मकता और छद्म पंथनिरपेक्षता के फरेब में अब मतदाता नहीं फंसता। सच्चाई यह है कि सोनिया की कांग्रेस नेहरूवादी पंथनिरपेक्षता को दफन कर चुकी है।

असंतुष्टों के हमलों पर परिवार के लोग अभी चुप हैं। उनकी यह चुप्पी असंतुष्ट नेताओं का हौसला बढ़ा रही है। उनकी कोशिश है कि यह चुप्पी टूटे और लड़ाई खुले में आए। सोनिया गांधी को पता है कि लड़ाई खुले में आई तो उनके लिए राहुल गांधी को बचाना बहुत कठिन होगा। दरअसल यह लड़ाई अब पार्टी बचाने और राहुल का राजनीतिक करियर बचाने की हो गई है।प्रत्येक चुनावी हार सोनिया की मुश्किल बढ़ा रही है। गुजरात में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का लगभग सफाया हो गया। चुनाव में हार-जीत तो होती रहती है, लेकिन गुजरात का नतीजा नया संदेश दे रहा है। अभी तक कांग्रेस का इस तरह से सफाया उन राज्यों में हो रहा था जहां मजबूत क्षेत्रीय दल हैं। गुजरात में कोई तीसरी पार्टी है नहीं और भाजपा 26 साल से सत्ता में है

। राज्य में नरेंद्र मोदी जैसा कद्दावर नेता भी नहीं है। क्या पहले ऐसा कभी हुआ कि कांग्रेस कोई चुनाव हारी हो और नतीजे आने के कुछ ही घंटों में उसके नेताओं ने इस्तीफा दे दिया हो और वह मंजूर भी हो गया हो? गुजरात में ऐसा ही हुआ। इससे पहले कि राहुल गांधी से सवाल पूछा जाए, जवाबदेही तय हो गई और सजा भी दे दी गई। मुश्किल में है कारवां, बजट में दिखा संकल्प कि छू लेंगे आसमा इतिहास गवाह है पुत्र मोह ने बड़ी-बड़ी तबाहियां की हैं। सत्ता और पुत्र (संजय गांधी) मोह में इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई। सोनिया के पास ऐसा कोई विकल्प नहीं है। राजनीतिक पूंजी उनके पास बची नहीं है। कांग्रेस के लोग समझ गए हैं कि अब वे चुनाव नहीं जिता सकतीं। इसीलिए जो लोग उनके सामने नजर नहीं उठाते थे, वे अब परोक्ष रूप से ही सही, चुनौती दे रहे हैं। सोनिया के पास अब केवल परिवार की प्रतिष्ठा की पूंजी बची है, जिसका बड़ी तेजी से क्षरण हो रहा है। राहुल गांधी इस खाते से डेबिट ही डेबिट कर रहे हैं। 16-17 साल में वे इस खाते में कुछ क्रेडिट नहीं कर पाए हैं। राहुल कांग्रेस की ऐसी रात हैं, जिसकी सुबह होने की उम्मीद नहीं लगती। कम से कम कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं को तो ऐसा ही लग रहा है। असंतुष्ट नेता इस नतीजे पर भी पहुंच चुके हैं कि राहुल के रहते कांग्रेस में कोई सूरज उग नहीं पाएगा। जो लोग प्रिंयका गांधी से बड़ी उम्मीद लगाए थे, वे और ज्यादा निराश हैं। प्रियंका का सूरज तो उगने से पहले ही डूब गया। उन्हें जमीनी वास्तविकता का कोई इल्म ही नहीं है। वे आज भी सपनों की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाई हैं। परिवार का हकदारी (एनटाइटलमेंट) वाला बुखार उतर ही नहीं रहा। भाई-बहन किसी गरीब से मिल लें, गाड़ी का शीशा साफ करने जैसा कोई छोटा काम कर दें तो उनके समर्थक उसे महान उपलब्धि मानकर उसका ढिंढोरा पीटते हैं। भाई-बहन की एक और बड़ी समस्या है। वे निंदा रस को वीर रस समझते हैं। मशहूर व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने लिखा है, ह्यनिंदा कुछ लोगों की पूंजी होती है। बड़ा लंबा-चौड़ा व्यापार फैलाते हैं वे इस पूंजी से। कई लोगों की प्रतिष्ठा ही दूसरे लोगों की कलंक-कथाओं पर आधारित होती है। बड़े रस-विभोर होकर वे जिस-तिस की सत्य-कल्पित कलंक कथा सुनाते हैं और स्वयं को पूर्ण संत समझने-समझाने की तुष्टि का अनुभव करते हैं। वह आगे लिखते हैं, ह्यकभी-कभी ऐसा भी होता है कि हममें जो करने की क्षमता नहीं है, वह यदि कोई और करता है तो हमारे पिलपिले अहं को धक्का लगता है, हममें हीनता और ग्लानि आती है। तब हम उसकी निंदा करके उससे अपने को अच्छा समझकर तुष्ट होते हैंइ राहुल और प्रियंका की राजनीति देखें तो यह भाव प्रमुखता से नजर आएगा। यही कांग्रेस की दुर्दशा का कारण बन रहा है।

## घर-संसार

# महाशिवरात्रि पर बन रहा कल्याणकारी शिवयोग, ये है समय और पूजा की विधि



शिवयोग ऐसा योग है जिसे शिवजी से आशीर्वाद प्राप्त माना जाता है। इस योग में कोई भी कार्य बाधित नहीं होता है महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में पूरे उत्साह व आस्था के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 11 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। शिव भक्त पूरे विधि-विधान के साथ इस दिन भगवान शिव की पूजा करते हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व इसलिए भी खास है क्योंकि इस दिन एक विशेष योग बन रहा है। इस दिन सुबह 09.22 मिनट तक महान कल्याणकारी शिवयोग है। इसके थोड़ी देर बाद ही सिद्धयोग शुरू होगा, जो सभी कार्यों में सिद्धि दिलाने वाला होगाशिवयोग ऐसा योग है जिसे शिवजी से आशीर्वाद प्राप्त माना जाता है। इस योग में कोई भी कार्य बाधित नहीं होता है और बिना किसी अड़चन के सफल हो जाता है। कार्य का सुपरिणाम कभी निष्फल नहीं रहेगा। ऐसे में मान्यता है कि इस योग में जो भी शुभ कार्य किया जाता है उसका फल अक्षुण रहता है। महाकाल मंदिर में शिवनवरात्रि उत्सव तीन मार्च से, नौ दिन तक दूल्हे के रूप में सजेंगे शिवयोग के थोड़ी देर बार सिद्ध योग लगेगा। इसमें कोई कार्य शुरू करके कार्यसिद्धि प्राप्त की जा सकती है। जब यह योग हों तो भक्तों को रुद्राभिषेक, शिव कीर्तन, शिवपुराण का पाठ करना, शिव कथा सुनना, दान पुण्य करना और ज्योतिलिंगों के दर्शन आदि करना शुभ रहता है। इन योगों में पूजा पाठ करना शुभ माना जाता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि कुंवारी कन्याएं अगर व्रत करें तो उन्हें मनचाहा वर प्राप्त होता है और विवाहित स्त्रियों का वैधव्य दोष भी दूर हो जाता है.  महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग की पूजा की जानी चाहिए।

# पीएम मोदी की संसदीय सीट पर ग्राम प्रधान के लिए जानिए किसे मिला सबसे अधिक आरक्षण

**वाराणसी :** यूपी पंचायत चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसदीय सीट वाराणसी में 694 ग्राम प्रधान, आठ ब्लाक प्रमुख और 40 जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए मंगलवार को आरक्षण की अनंतिम सूची जारी कर दी गई। सूची के अनुसार प्रधान के 451, प्रमुख के पांच और जिला पंचायत सदस्यों के 24 पद आरक्षित हुए हैं। आरक्षण सूची विकास भवन और ब्लॉक परिसर में रात में ही चस्पा कर दी गई। त्रि-स्तरीय पंचायत के विभिन्न पदों के लिए हुए आरक्षण पर चार से आठ मार्च तक आपत्तियां ली जाएंगी जबकि 10 से 12 मार्च तक उन आपत्तियों का निस्तारण होगा। 12 के बाद अंतिम सूची जारी होगी। आरक्षण सूची जारी होते ही एक तरफ सोशल मीडिया पर बधाई का दौर शुरू हो गया। वहीं, दूसरी तरफ सीट कई लोगों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया। गांवों में ह्यकहीं खुशी-कहीं गम जैसा माहौल है। कई दावेदारों को अभी आरक्षण पर होने वाली आपत्तियों से उम्मीद है जबकि



कई दावेदार किंग मेकर की भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने कहा कि आरक्षण निर्धारण पर कोई आपत्ति हो तो तय तिथि के अंदर डीएम, जिला पंचायत राज अधिकारी अथवा क्षेत्र पंचायत कार्यालय में दाखिल की जा सकती है। वाराणसी में ग्राम प्रधानों की 694 सीटें हैं। उनमें एसटी महिला के लिए आठ, एसटी के लिए 11, एससी महिला के लिए 43, एससी के लिए 81, ओबीसी महिला के लिए 66, ओबीसी के लिए 126 और महिला के लिए 116 सीटें आरक्षित की गई हैं। 243 सीटें अनारक्षित हैं। नगर निगम सीमा के विस्तार के बाद जिले में बीडीसी यानी क्षेत्र पंचायत सदस्यों के 1199 में 1007 पदों पर चुनाव होगा। 61 ग्राम पंचायतों के नगर निगम में शामिल होने के बाद 694 ग्राम पंचायतों में ही प्रधान चुने जाएंगे। डीएम ने बताया कि ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत सदस्य पदों की आरक्षण सूची बुधवार को जारी होगी। विधानसभा फोटो मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अब जिले में वोटरों की संख्या 29,35,254 हो गई है। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 16,12,783 जबकि महिला वोटरों की संख्या 13,22,314 है, जबकि थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 142 से 148 हो गई है।

## पंचायत चुनाव से पहले बिहार में खूनी खेल, छपरा में वार्ड सदस्य की गोली मारकर हत्या

**बिहार :** के छपरा शहर में वार्ड सदस्य ही हत्या के बाद बुधवार को जमकर बवाल हुआ। बनियापुर थाना क्षेत्र के हंसराजपुर में मंगलवा की रात वार्ड सदस्य की हत्या कर दी गई। जिसकी हत्या की गई, उसने मुखिया पद के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने जलालपुर पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी। इसके अलावा मौके पर पहुंची डीएसपी की गाड़ी को भी पलट दिया। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स पहुंच गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बनियापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के भुसाव के वर्तमान वार्ड सदस्य सद्दाम हुसैन को अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की देर रात गोली मारकर हत्या कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि सद्दाम हंसराजपुर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रात साढ़े दस बजे के लगभग परिजनों को सूचना मिली कि सद्दाम की बाइक सड़क किनारे पड़ी हुई है, जो कि मृतक के घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर थी।



## ट्रेन के गलत जगह रुकने पर मची अफरातफरी

**मुजफ्फरपुर :** मिथिला एक्सप्रेस को प्लेटफॉर्म एक व दो के बीच मंगलवार को अचानक रोक दिया गया। इससे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गयी। यात्री ट्रेन में सवार होने के लिए भाग-दौड़ करने लगे। किसी तरह से यात्री बोगी के पास पहुंचे ही थे कि ट्रेन खुल गयी। इससे यात्री गिरने से बाल-बाल बच गये। इसके बाद ट्रेन को फिर प्लेटफॉर्म एक पर रोका गया। मिथिला एक्सप्रेस अपने समय से एक घंटा विलंब थी। ट्रेन को कपरपुरा में रोका गया था। बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन के इंतजार में थे। वे पूछताछ काउंटर व स्टेशन मास्टर कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। इस बीच ट्रेन आयी, लेकिन उसे दो प्लेटफॉर्म के बीच में रोक दिया गया। ऐसा बीते पांच दिनों से लगातार हो रहा है।

# शादी का दबाव बनाने पर उतारा था मौत के घाट कत्ल का राजफाश कर प्रेमी को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जनपद के मऊआइमा क्षेत्र के दुबाही गांव के समीप शारदा सहायक नहर में युवती की हत्या कर शव फेंकने के मामले का राजफाश पुलिस ने कर दिया है। उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कत्ल में प्रयुक्त रस्सी को बरामद कर लिया गया है। साथ ही मृतका के मोबाइल, पर्स, आइडी आदि भी पुलिस को मिले हैं। पूछताछ में पता चला कि युवती शादी का दबाव बना रही थी, जिस वजह से प्रेमी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस गिरफ्तार आरोपित के फरार दोनों साथियों की तलाश कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के दुबाही गांव के समीप नहर में 20 फरवरी की सुबह एक युवती की लाश मिली थी। उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। दो दिन बाद कोरांव थानांतर्गत खजुरी खुर्द गांव की रहने वाली गायत्री पत्नी स्व. गुलाब सिंह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और शव की पहचान अपनी बेटी रोनिका सिंह (28) के रूप में की। बताया कि रोनिका की शादी करछना क्षेत्र में हुई थी। पति से विवाद के कारण वह नैनी



क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर अकेले रहती थी। इसके बाद इंस्पेक्टर मऊआइमा चंद्रभान सिंह ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए सोनू कुमार पटेल निवासी मातादीन का पूरा थाना फाफामऊ को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया। एसपी गंगापार धवल जायसवाल ने बताया कि सोनू से पूछताछ की गई तो उसने कहा कि करीब एक वर्ष से रोनिका से उसके अवैध संबंध थे। इधर रोनिका उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। वह खुद शादीशुदा था, इसलिए वह विवाह नहीं करना चाहता था। रोनिका को रास्ते से हटाने के लिए उसने साथी संदीप उर्फ नंचू पासी निवासी उदयचंद्रपुर और रामनरेश प्रजापति निवासी गद्दोपुर थाना फाफामऊ के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। कार से उसकी लाश लाकर नहर में फेंक दी था। रोनिका हत्याकांड का राजफाश के लिए पुलिस ने उसके मोबाइल फोन नंबर की सीडीआर निकलवाई। इसमें एक ऐसा नंबर था,

# अंधेरा, प्रकाश की अनुपस्थिति है. अहंकार, जागरूकता की अनुपस्थिति है.




जैसा हर महापुरुष के साथ होता रहा, वैसा ही ओशो के साथ भी होगा. या तो वो भुला दिया जाएगा, या उसे ईश्वर बना दिया जाएगा. किसी को भुला देना बुरा है, लेकिन किसी को ईश्वर बना देना भी कम बुरा नहीं. धर्म और ईश्वर से साथ हमारा रिश्ता यूं समझिए कि कोई उंगली से इशारा करके रास्ता बता रहा है. और हम उस रास्ते पर चलने के बजाय उस उंगली की या बहुत से बहुत उस रास्ते की पूजा करने लगते हैं. हमने धार्मिक पुस्तकों, धर्मगुरुओं आदि के साथ भी यही किया है. यही ओशो के साथ भी करेंगे. उसे पूजना बंद कीजिये. उसे ईश्वर मत बनाइए. उंगली नहीं रास्ता देखिये और उस पर चलिए. इसलिए आज हम आपको उनके वो 38 कथन पढ़वा रहे हैं जिनका जीवन में उतना ही महत्त्व है जितना ओशो का विश्व में. और फिर ओशो के कहे को पढ़ने के बाद, उससे प्रभावित होने के बाद ओशो को पूजना, उसे प्रेम करना बुरा नहीं. वो, जैसे लोग माइकल जैक्सन या शाहरुख खान को पूजते हैं. उनके काम के चलते. जानते हैं जबकि कि इनको पूजने से कोई इच्छा-पूर्ति नहीं होनी हमारी हैं.

## हाइट बढ़ाने में मदद करते हैं ये फूड्स, बढ़ते बच्चों की डाइट में जरूर करें शामिल



*हम सभी जानते हैं कि हाइट बढ़ने एक निश्चित उम्र तक बढ़ती है। वहीं, आनुवांशिक कारणों के साथ कई ऐसी बातें हैं जिससे किसी व्यक्ति की लंबाई कितनी बढ़ेगी, इसका पता चलता है। कई पहलुओं के साथ डाइट भी एक खास वजह है जिससे किसी बच्चे की लंबाई प्रभावित होती है। आज हम आपको ऐसी चीजें बता रहे जिन्हें खाने से लंबाई बढ़ती है। ब्लूबैरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी या रास्पबैरी भी कई प्रकार के न्यूट्रिशन से लैस होती हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी कोशिकाओं को बेहतर करता है और टिशू रिपेयर करने का काम करता है। विटामिन-सी कॉलेजन के सिंथेसिस को भी बढ़ाता है, एक ऐसा प्रोटीन जिसकी मात्रा आपके शरीर में सबसे ज्यादा होती है। पालक, केल, अरुगुला, बंदगोभी जैसी पत्तेदार सब्जियों में भी कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। इन सब्जियों में विटामिन-सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और पोटैशियम के अलावा विटामिन-के भी पाया जाता है जो हड्डियों के घनत्व को बढ़ाकर लंबाई बढ़ाने का काम करता है। अंडा न्यूट्रिशन का पावरहाउस है। इसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसमें हड्डियों की सेहत के लिए जरूरी कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। 874 बच्चों पर हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि नियमित रूप से अंडा खाने वाले बच्चों की हाइट बढ़ती है। अंडे के पीले भाग (यॉक) में मौजूद हेल्दी फैट भी शरीर को फायदा दे*

# इलियाना डिक्रूज ने डॉगी संग फोटो शेयर बताया अपने नये बॉयफ्रेंड का नाम

## वरुण धवन को लेकर कही ये बात



तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज ने अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की वजह से एक बार फिर खबरों में छा गई हैं। एक्ट्रेस ने एक सेशन के दौरान अपने नये बॉयफ्रेंड के बारें खुलासा किया है। इन दोनों इलियाना डिक्रूज अंडमान में छुट्टियां मना रही हैं। इलियाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। अपनी फिल्मों के साथ एक्ट्रेस अपने स्टाइलिश फोटोज फैंस के साथ शेयर करती रहती है। हालांकि इस बार उनका पोस्ट वाकई में काफी हैरान करने वाला है। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अरङ सेशन रखा था। इस सेशन में उन्होंने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी उन सभी बातों का खुलकर जवाब दिया जो उनके फैन्स ने उनसे पूछा। इसी दौरान इलियाना से एक फैन ने उनके बॉयफ्रेंड को लेकर सवाल पूछा कि आपके बॉयफ्रेंड का क्या नाम है? इस पर इलियाना ने अपने डॉगी के संग अपनी एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, उसका नाम चार्ली है। क्या आप जानते हैं दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने शादी रचाने से 4 साल पहले कर ली थी सगाई? इस सेशन के दौरान एक और फैन ने एक्ट्रेस से उनके फेवरेट को स्टार के किया तो एक्ट्रेस ने एक्टर वरुण धवन के साथ पोज देते हुए अपनी शेयर कर दी और लिखा, वरुण धवन उर्फ व इलियाना डिक्रूज सालों तक ऑस्ट्रेलियन फोटोग्राफर एंड्रयू नीबोन को डेट किया था। हालांकि उनका यह रिश्ता टूट चुका है। कुछ दिन पहले ये मीडिया में दावा किया गया था दोनों ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। एक समय ऐसा भी था जब इन दोनों की शादी की खबर आई थी । साल 2019 में इलियाना ने क्रिसमस के मौके पर सजे हुए ट्री के साथ कैप्शन में नीबोन को हबी लिखा था। तभी से दोनों के बीच रिश्तों को लेकर मीडिया में चर्चा होने लगी थी। यहां तक कि ऐक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की भी काफी चर्चा हुई, लेकिन इलियाना ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इन खबरों को गलत बताया था। करीना कपूर खान के बाद हर्षदीप कौर के घर गूंजी किलकारी, दिया बेटे को जन्म इलियाना डिक्रूज बीते काफी समय से बॉलीवुड से गायब हैं, लेकिन वो अपने सोशल मीडिया पोस्ट के चलते अक्सर ही सुर्खियों में बनी रहती हैं। अब इलियाना के फिल्मी करियर की बात करें तो बॉलीवुड में शुरूआत से पहले, इलियाना ने तमिल और तेलुगू सिनेमा में पर्दे पर बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। तेलुगू फिल्म देवदासु में अपनी बेमिसाल एक्टिंग के जरिए इलियाना को बेस्ट फीमेल डेब्यू- साउथ का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

# ऑलआउट के करीब इंग्लैंड टीम, बेन फोक्स के रूप में गंवाया 7वां विकेट

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड के कप्तान जो रूट के इस फैसले को पूरी तरह गलत साबित करते हुए 200 रन से पहले सात विकेट झटक लिए हैं। इंग्लैंड की तरफ से इस समय क्रीज पर डोमिनिक बेस और डेनियल लॉरेंस की जोड़ी खेल रही है। भारत ने मैच में अपने प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया, जिसमें जसप्रीत बुमराह की जगह मोहम्मद सिराज को मौका मिला है।ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ इस पारी का पहला विकेट हासिल करते हुए ओली पोप को शुभमन गिल के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 87 गेंदों पर 29 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड का स्कोर 167-6 है। ओली पोप और डेनियल लॉरेंस की शानदार पारियों के दम पर इंग्लैंड ने 150 रन पूरे कर लिए हैं। दोनों खिलाड़ी 23-23 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत के गेंदबाज इस साझेदारी को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। पहले दिन का टी ब्रेक हो गया है।




इंग्लैंड ने इस दौरान 144-5 का स्कोर बनाया। बेन स्टोक्स 55 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की तरफ से अब तक अक्षर पटेल और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट और वॉशिंगटन सुंदर ने एक विकेट लिया है। भारत ने 121 रनों पर ही इंग्लैंड के पांच विकेट झटक लिए हैं। टीम चाहेगी कि वह अगले पांच विकेट भी जल्दी से झटक कर इंग्लिश टीम की पारी समेट दे। इस समय ओली पोप और डेनियल लॉरेंस की जोड़ी क्रीज पर है। भारत की तरफ से अब तक अक्षर पटेल और सिराज ने दो-दो और वॉशिंगटन ने एक विकेट लिया है।

इंग्लैंड की टीम को उस समय बड़ा झटका लगा, जब टिक कर खेल रहे बेन स्टोक्स 55 रन बनाकर वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। इसी के साथ इंग्लैंड की आधी टीम वापस पवेलियन लौट गई। इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने भारतीय गेंदबाजों के दबदबे के बीच टेस्ट करियर की 24वीं फिफ्टी पूरी कर ली है।

## कोविड– 19 के बढ़ते मामलों के चलते PSL का छठा सीजन फिलहाल स्थगित



**कराची :** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को गुरुवार को कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के चलते स्थगित कर दिया गया है। पीएसएल में तीन और खिलाड़ी कोविड-19 टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, इस टी20 लीग में इस तरह से कुल सात खिलाड़ी अभी तक कोविड-19 पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा, ह्यटीम मालिकों के साथ मीटिंग के बाद और खिलाड़ियों के स्वास्थ को सबसे ऊपर रखते हुए पीसीबी ने फैसला लिया है कि पीएसएल 6 को तुरंत प्रभाव से स्थगित किया जा रहा है। टूर्नामेंट में कोविड-19 महामारी के सात मामले सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है। पाकिस्तान सुपर लीग के छठे सीजन का आगाज 20 फरवरी को हुआ था और फाइनल मैच 22 मार्च को खेला जाना था। इस लीग के 14 मैच खेले जा चुके हैं।

## कीरोन पोलार्ड ने एक ओवर में ही जड़ डाले छह छक्के, युवराज सिंह ने इस अंदाज में दी बधाई

**नई दिल्लीः** गुरुवार 4 मार्च का दिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए यादगार बन गया, क्योंकि आज टीम के धुआंधार बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने श्रीलंका के गेंदबाज अकीला धनंजय के एक ही ओवर में छह छक्के जड़ जड़ने का कारनामा कर दिखाया। धनंजय के लिए यह दिन खुशी और गम दोनों लेकर आया, क्योंकि उन्होंने इस मैच में हैट्रिक भी हासिल की और छह छक्के भी खाए। पोलार्ड इस मैच में 11 गेंद पर 38 रन बनाकर आउट हुए और वेस्टइंडीज को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई। उनकी इस पारी के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने उनको एक ही ओवर में छह छक्के लगाने के क्लब में शामिल होने पर बधाई दी है। युवराज सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, छह सिक्स लगाने के क्लब में शामिल होने पर बधाई... शानदार पारी। बता दें कि इस पारी के बाद पोलार्ड इंटरनेशनल क्रिकेट में एक






ही ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गए हैं। उनसे पहले भारत के युवराज सिंह और दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स एक ही ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा कर चुके हैं। मैच के दौरान विराट कोहली और बेन स्टोक्स में हुई कहासुनी, बीच-बचाव के लिए आए अंपायर इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीता और श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बनाए। विंडीज टीम की तरफ से ओबेड मैकॉय ने दो जबकि केविन सिनक्लेयर, फीडेल एडवर्ड्स, जेसन होल्डर, ड्वेन ब्रावो और फैबियन एलेन ने एक-एक विकेट लिए। श्रीलंका की ओर से पथुम निसांका ने सबसे ज्यादा 39 रनों का योगदान दिया। इसके बाद जब वेस्टइंडीज की पारी शुरू हुई तो लिंड्ल सिमंस और एविन लुइस ने टीम को तूफानी शुरूआत देते हुए पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। धनंजय ने यहां हैट्रिक लेकर श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाई, लेकिन कीरोन पोलार्ड और जेसन होल्डर ने उनकी इस मेहनत पर पानी फेर दिया। वेस्टइंडीज ने यह मैच 14वें ओवर में ही जीत लिया। पोलार्ड को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## चेन्नई पहुंचने पर थाला धोनी का हुआ जोरदार स्वागत, दिल जीत लेगा वीडियो



**चेन्नईः** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई पहुंच चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 14वां सीजन अप्रैल के दूसरे सप्ताह से शुरू हो सकता है, ऐसे में सीएसके की टीम टूर्नामेंट की तैयारियों में जुटने वाली है। सीएसके के सीईओ एस विश्वनाथन ने बताया कि 9 मार्च से सीएसके का कैंप शुरू हो जाएगा, जहां खिलाड़ी आने वाले सीजन के लिए तैयारियां शुरू कर पाएंगे। धोनी का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ, जिसका वीडियो सीएसके के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से शेयर किया गया है। धोनी बुधवार की रात चेन्नई पहुंचे और पांच दिन आइसोलेशन में रहेंगे। सीएसके ने एयरपोर्ट पर धोनी की फोटो पोस्ट करके लिखा, थलाइवा। मास्क के अंदर की मुस्कान। सुपर नाइट। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू भी बुधवार को चेन्नई पहुंच गए जबकि टीम में शामिल तमिलनाडु के खिलाड़ी बाद में जुड़ेंगे। सीएसके के सीईओ के एस विश्वनाथन ने कहा कि शिविर 9 मार्च से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जो भी खिलाड़ी उपलब्ध होंगे, वे इसमें भाग लेंगे। क्या इस साउथ इंडियन एक्ट्रेस से शादी करने वाले हैं बुमराह? उन्होंने कहा, खिलाड़ी पांच दिन आइसोलेशन पर रहेंगे जिसके बाद प्रैक्टिस शुरू करेंगे।

# महाराष्ट्र में फिर कहर बरपाने लगा कोरोना, चार माह बाद सामने आये चौंकाने वाले आंकड़े


**मुंबईः** महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 9,855 नए मामले सामने आये हैं, जो पिछले चार महीनों में सबसे अधिक हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा अब बढ़कर 21,79,185 तक पहुंच चुका है। बीते 24 घंटे में 42 कोरोना संक्रमित मरीजों के मरने के बाद मौत का आंकड़ा 52,280 तक पहुंच चुका है। बता दें कि 17 अक्टूबर 202 को राज्य में 10,259 मामले दर्ज किए थे जिसके बाद ग्राफ में गिरावट आई थी। मंगलवार शाम 6,559 रोगियों को स्वस्थ पाये जाने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, जिसके बाद कुल स्वस्थ हुए रोगियों का आंकड़ा अब 20,43,349 तक पहुंच चुका है। महाराष्ट्र में कोरोना मामलों की रिकवरी रेट 93.77 प्रतिशत है, जबकि मरने वालों की दर 2.40 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 87,627 लोगों को कोरोना परीक्षण किया गया, राज्य में अब तक कुल 1,65,09,506 लोगों का कोविड परीक्षण किया जा चुका है।



# दूसरे दिन भी जारी रहेगी IT की छापेमारी

## कल अनुराग कश्यप और आज तापसी पन्नू के ठिकानों पर मारे थे छापे





**मुंबई।** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप, अभिनेत्री तापसी पन्नू सहित एक टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी के मुंबई व पुणे स्थित 20 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे थे। बता दें कि आयकर विभाग आज दूसरे दिन भी इस मामले में छापेमारी करेगा। बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने फैंटम फिल्म्स से संबंधित लोगों व उनके ठिकानों के अलावा मधु मंटेना की कंपनी के कार्यालयों पर छापामारी कर वहां उपस्थित लोगों से पूछताछ की थी। महाराष्ट्र में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से की मुलाकात। फाइल फोटो बता दें कि बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप और अभिनेत्री तापसी पन्नू के ठिकानों पर हुई छापामारी से भाजपा के विरोधी दलों को टिप्पणियों का मौका मिल गया है। बुधवार सुबह आयकर विभाग ने अनुराग कश्यप, तापसी पन्नू सहित एक टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी के मुंबई व पुणे स्थित 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी।

# अब मुंबई लोकल में नो मास्क नो एंट्री



**मुम्बईः** लोकल ट्रेनों में सामान्य लोगों को अनुमति दिए हुए करीब एक महीना पूरा हो गया है। इस एक महीने में जहां लोकल में यात्री दोगुने हो गए हैं, वहीं शहर में कोरोना के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। बढ़ते हुए मामलों पर लगाम कसने के लिए बीएमसी द्वारा रेलवे स्टेशनों पर कार्रवाई तेज की गई है। बिना मास्क पहने यात्रियों को जुमार्ना लगाया गया, लेकिन रोजाना 40 लाख यात्रियों के नेटवर्क पर महीने भर में करीब 8 हजार यात्रियों पर ही जुमार्ना लगाया गया। रेलवे स्टेशनों पर बगैर मास्क के एंट्री नहीं दी जा रही है। प्रशासन के सख्ती से ही सही, लेकिन इस बीच लोग भी जागरूक हो रहे हैं। बीएमसी की सख्ती के साथ ही रेलवे द्वारा भी यात्रियों को अभियान चलाकर अलर्ट किया गया। मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिस तरह से लोग पटरी पार करते हैं और उन्हें जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाता है, उसी तरह से मास्क के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि क्लीन अप मार्शल को साथ में लेकर आरपीएफ की टीमें ज्यादा भीड़ वाले स्टेशनों पर जा रही हैं और लोगों पर कार्रवाई कर रही हैं। सामान्य लोगों को लोकल ट्रेनों में अनुमति मिलने के बाद पहले ही दिन करीब 50% यात्री लौट आए।


TASNEEM COLLECTION
Online Shopping Hub
Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories
Kitchen & Household items
Baby products
Plastic items
And much more......all under one roof
Best business opportunity for housewives
to become reseller & earn at zero investment
RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703
Farida Rampurawala : 8898065152


# लॉकडाउन में अवैध दारू बेचकर लाखों कमाने के प्लान पर फिरा पानी, दो लाख का माल हुआ जब्त

**नागपुरः** नागपुर में तकरीबन सवा दो लाख की अवैध शराब जब्त की गई है। नागपुर में बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए अवैध शराब के कारोबारियों ने लाखों रुपए कमाने का प्लान तैयार किया था। उन्होंने सोचा था कि शहर में लॉकडाउन लगने पर जब सब कुछ बंद रहेगा। तब वे अवैध रूप से शराब बेचकर लाखों के वारे न्यारे करेंगे। हालांकि उनका यह प्लान सफल हो पाता उसके पहले ही पुलिस ने उन्हें धर दबोचा है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को विदेशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। जिन्होंने शराब को छिपाकर रखा हुआ था। नागपुर क्राइम ब्रांच ने जब आरोपियों को शराब समेत गिरफ्तार किया तो वह भी हैरत में पड़ गए। इतनी भारी तादाद में विदेशी शराब पाए जाने की कल्पना उन्होंने भी नहीं की थी। जानकारी के अनुसार इमामबाड़ा पुलिस स्टेशन की हद में चंदन नगर इलाके में संजय कोहली नाम के व्यक्ति ने अपने घर में बड़े पैमाने पर विदेशी शराब को जमा करके रखा हुआ था।

# महाराष्ट्र पर छाया बर्ड फ्लू का साया 33 हजार मुर्गियों का काम तमाम



महाराष्ट्र में जहां कोरोना वायरस का खतरा सरकार और स्थानीय प्रशासन के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। वहीं अब बर्ड फ्लू का खतरा भी राज्य पर मंडराने लगा है। यह खतरा महाराष्ट्र के विदर्भ इलाके में दस्तक दे रहा है आपको बता दें कि विदर्भ इलाका पहले से ही कोरोना का हॉटस्पॉट बना हुआ है। महाराष्ट्र के विदर्भ इलाके में बर्ड फ्लू ने दस्तक दे दी है। अब तक विदर्भ के अमरावती, यवतमाल, वाशिम और हिंगोली जैसे इलाकों कोरोना का खतरा तेजी से पैर पसार रहा है। अब अमरावती में बर्ड फ्लू की भी पुष्टि हुई है। यह जानकारी तब सामने आई जब भोपाल की लैब से आई रिपोर्ट ने प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें पैदा कर दीं। नब्बे रुपये का मुआवजा स्थानीय अधिकारी उदय सिंह राजपूत के मुताबिक बर्ड फ्लू की जानकारी मिलने के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर 33 हजार मुर्गियों को नष्ट कर दिया गया है। मुर्गियों के बदले प्रशासन ने पोल्ट्री फॉर्म मालिकों को प्रति मुर्गी 90 रुपये का मुआवजा भी दिया जाएगा है। जिन इलाकों से बर्ड फ्लू कि शिकायत आ रही है। उन इलाकों में पोल्ट्री फॉर्म मालिकों को यह मुआवजा दिया जा रहा है। 32 टीमें काम मे जुटी फिलहाल प्रशासन की 32 टीमें बर्ड फ्लू के खतरे से निपटने के लिए मुस्तैद हैं। पूरे इलाके में तकरीबन डेढ़ सौ अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रशासन की ई-मेल हर गांव में जाकर बर्ड फ्लू के खतरे का आंकलन कर रही हैं। मुर्गियों को जमीन में केमिकल लगाकर दफनाया जा रहा है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवालाा के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई – 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अधेरी (प),मुंबई –400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ईमेल: newsicon2021@gmail.com newsicon.net